## संपादकीय

# कानून पर टकराव

देश में नया नागरिकता कानून (सीएए) लागू होने के साथ ही उसे लेकर देश भर में घमासान मचा हुआ है। तकरीबन एक महीने से इस कानून और प्रस्तावित राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर (एनआरसी) के खिलाफ कई विश्वविद्यालयों के छात्रों ने अभियान छेड़ रखा है। समाज के कई और तबकों के लोग भी इसके खिलाफ धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। कांग्रेस के नेतृत्व में इस मुद्दे पर विपक्षी दलों की बैठक देर से बुलाई गई, लेकिन इसकी जरूरत भी विपक्ष को शायद सरकारी पहल के बाद ही महसूस हुई हो। इधर कुछ समय से बीजेपी की पहल पर सीएए के समर्थन में प्रदर्शनों का सिलसिला शुरू हो गया है। पार्टी ने इसके बारे में लोगों को जानकारी देने के लिए बाकायदा एक अभियान शुरू किया है।

औपचारिक रूप से नागरिकता संशोधन कानून बीते शुक्रवार से लागू हुआ है। हालांकि विपक्ष शासित कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने कह दिया है कि वे अपने राज्य में नया नागरिकता कानून नहीं लागू करने जा रहे हैं। केरल विधानसभा में इसके खिलाफ प्रस्ताव तक पास हो चुका है। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि मोदी सरकार राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर) की आड़ में 'एनआरसी' पर काम कर रही है। दरअसल विवाद के लिए यहां पर्याप्त गुंजाइश भी छोड़ी गई है। सरकार कह रही है कि नागरिकता कानून का एनआरसी से कोई लेना-देना नहीं है। लेकिन आम आदमी में, खासकर मुसलमानों में यह आशंका घर कर गई है कि जो भी गैर-मुस्लिम एनआरसी से बाहर रह जाएंगे वे नागरिकता कानून के जरिए नागरिकता पा जाएंगे, चाहे वे घुसपैठिये ही क्यों न हों।

इसके विपरीत अगर भारतीय मुसलमान किसी कारणवश अपनी नागरिकता सिद्ध करने के लिए सारे कागजात नहीं दिखा पाए तो उनका जीना दूभर कर दिया जाएगा। और बात यहीं तक सीमित नहीं है। देश के तमाम गरीब, कमजोर तबकों के मन में यह डर पैठ गया है कि कागजात न दे पाने के कारण उन्हें भी दर-दर भटकना पड़ सकता है। कई राज्यों में जन्म तिथि या अन्य प्रमाणपत्र बनवाने के लिए लोग अभी से दफ्तरों के सामने भीड़ लगाने लगे हैं। सरकार कह रही है, किसी की नागरिकता नहीं जाएगी, किसी को परेशान होने की जरूरत नहीं है। लेकिन कोई नहीं बताता कि गृहमंत्री ने संसद में जिस एनआरसी की बात कही है, उसके लिए लोगों को क्या-क्या कागजात दिखाने पड़ेंगे।

सरकार के लिए इतना कहना काफी नहीं कि सीएए को लेकर जनता को बरगलाया जा रहा है। उसे इस बात पर गंभीरता से विचार करना चाहिए कि उसकी सारी कोशिशों के बाद भी एक बड़े तबके में दुविधा क्यों है। अच्छा होगा कि सरकार इसे नाक का सवाल न बनाए। वैसे भी सीएए को अदालत में चुनौती दी जा चुकी है। कानून के समर्थक और विरोधी, दोनों धैर्य बनाए रखें। संसद के बनाए एक कानून को लेकर देश भर में दो खेमों का टकराव कोई अच्छी बात नहीं।

# ऑनलाइन शॉपिंग करने पर अब फटाफट होगा लेन-देन, आरबीआई ने बदले नियम

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** अगर आप भी करते हैं ऑनलाइन शॉपिंग तो अब आपको 2000 रुपये तक के ट्रांजेक्शन के लिए वन टाइम पासवर्ड की जरूरत नहीं होगी। इसके साथ ही आरबाई ने प्रीपेड पेमेंट इंस्ट्रूमेंट (पीपीआई) भी पेश किया है। इसके लिए 10 हजार रुपये तक की शॉपिंग की जा सकती है। देश की बड़ी ई-कॉमर्स कंपनी और मोबाइल ऐप ट्रांजेक्शन में वन टाइम पासवर्ड की जरूरत को खत्म कर चुके हैं। इसे खत्म करने की मुख्य वजह पैसों के लेन-देन को तेज और सुविधाजनक बनाना है। कंपनियों ने ये फैसला आरबीआई ने बैंकों को बिना ओटीपी ऑनलाइन ट्रांजेक्शन की सुविधा देने की इजाजत दे दी है।

### » पीपीआई से होगा सीधा फायदा



पीपीआई का उपयोग डिजिटल भुगतान में हो सकेगा, जिसमें बिल भुगतान, मर्चेंट भुगतान, आदि शामिल होंगे। आरबीआई ने कहा कि डिजिटल भुगतान को बढ़ाने में पीपीआई महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। पीपीआई एक फाइनेंशियल इंस्ट्रूमेंट है, जिसमें पहले से पैसे डाल कर रखे जा सकते हैं। इस पैसे से वस्तु और सेवाएं खरीदी जा सकती है। पीपीआई से दोस्त या रिश्तेदार, आदि को पैसे भी भेजे जा सकते हैं। अभी देश में तीन प्रकार के पीपीआई काम कर रहे हैं। पीपीआई को बैंक और गैर-बैंकिंग इकाइयां जारी करेंगी। आरबीआई ने कहा, इस पीपीआई में पैसे भरे जा सकते हैं और इसे कार्ड या इलेक्ट्रानिक रूप में जारी किया जा सकता है। इसमें पैसा बैंक खाते ही भरे जा सकेंगे। इस प्रकार के पीपीआई का उपयोग केवल वस्तु और सेवाओं की खरीद में किया जा सकेगा। बचे हुए पैसे को को फिर से अकाउंट में ट्रांसफर नहीं किया जा सकेगा। अब ग्राहक ऑनलाइन शॉपिंग करते वक्त फटाफट ट्रांजेक्शन कर पाएंगे। फ्लिपकार्ट ने वीजा के साथ एक नई सेवा शुरू की है। इसका नाम वीजा सेफ क्लिक (वीएससी) है। इसकी मदद से फ्लिपकार्ट पर 2,000 रुपये तक के ट्रांजेक्शन के लिए वन टाइम पासवर्ड की जरूरत नहीं पड़ेगी।भारतीय रिजर्व बैंक ने एक नया प्रीपेड पेमेंट इंस्ट्रूमेंट पेश किया है।

# न्यू जीलैंड दौरे पर भारतीय महिला हॉकी टीम की अगुवाई करेगी रानी



**नई दिल्ली।** स्टार स्ट्राइकर रानी रामपाल 25 जनवरी से ऑकलैंड से शुरू हो रहे भारतीय महिला हॉकी टीम के न्यू जीलैंड दौरे पर 20 सदस्यीय टीम की अगुवाई करेगी।

हॉकी इंडिया ने मंगलवार को टीम की घोषणा की। गोलकीपर सविता भारतीय टीम की उपकप्तान होगी। दौरे पर पहला मैच 25 जनवरी को न्यू जीलैंड की युवा टीम से खेलना है।

इसके बाद 27 और 29 जनवरी को न्यू जीलैंड टीम से मुकाबले होंगे। भारतीय टीम चार फरवरी को ब्रिटेन से भी खेलेगी। वहीं दौरे का आखिरी मैच पांच फरवरी को न्यू जीलैंड से खेलना है।

भारत के मुख्य कोच शोर्ड मारिन ने कहा, 'मैं इस दौरे का इस्तेमाल टीम के भीतर अधिक प्रतिस्पर्धा पैदा करने के लिये करूंगा। हम 20 खिलाड़ियों को लेकर जा रहे हैं लेकिन कुछ मैचों में 16 खिलाड़ियो को ही उतारेंगे क्योंकि ओलिंपिक में 16 सदस्यीय टीम ही होती है।' उन्होंने कहा, 'खिलाड़ियों को दबाव में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

# शुरुआती कारोबार में रुपया 14 पैसे टूटा



**मुंबइ (आरएनएस)।** अमेरिका-चीन के बीच पहले चरण के व्यापार करार से पहले निवेशकों के सतर्क रुख के बीच बुधवार को शुरुआती कारोबार में रुपया 14 पैसे टूटकर 71.01 प्रति डॉलर पर आ गया। फॉरेक्स डीलरों ने कहा है कि इस तरह की खबरों के बाद कि चीन के अरबों डॉलर के सामान पर शुल्क नवंबर में अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव तक जारी रहेगा, के बाद रुपया और अन्य एशियाई मुद्राओं में गिरावट आई। अंतरबैंक विदेशी विनिमय बाजार में रुपया 14 पैसे के नुकसान के साथ 71.01 प्रति डॉलर पर चल रहा था। मंगलवार को रुपया 70.87 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

# अब विमानों की तरह ट्रेन में यात्री देख सकेंगे फिल्में और वीडियो

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** ट्रेन सफर के दौरान और रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों को जल्द ही रेलवे मनोरंजक वीडियो, फिल्में और अन्य सामग्री उपलब्ध कराएगा।

रेल मंत्रालय ने बताया कि सभी प्रीमियम, एक्सप्रेस और मेल ट्रेनों तथा उपनगरीय ट्रेनों में मीडिया सर्वर लगाए जाएंगे जिनमें कई भाषाओं में फिल्में, मनोरंजक कार्यक्रम, लाइफस्टाइल से जुड़ी सामग्रियाँ उपलब्ध होंगी। ये मनोरंजक सामग्रियाँ माँग पर यात्रियों को उनके इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसों पर उपलब्ध कराई जाएंगी। इसमें निःशुल्क और सशुल्क दोनों तरह की सेवा का प्रावधान होगा।



परियोजना के जरिए रेलवे को बिना किराया बढ़ाए राजस्व अर्जन वृद्धि में भी मदद मिलेगी। रेलवे को सब्सक्रिप्शन और विज्ञापन के रूप में राजस्व प्राप्ति होगी। इस परियोजना को दो साल में शुरू किया जाएगा और 2022 तक पूरी तरह लागू किया जाएगा। इसके तहत यात्री फिल्में, टेलीविजन शो, शैक्षणिक कार्यक्रम आदि देख सकेंगे। मनोरंजक सामग्री उपलब्ध कराने के लिए रेलवे बोर्ड ने रेलटेल को जिम्मेदारी दी है जो रेल मंत्रालय के अधीन मिनीरत्न कंपनी है। रेलटेल ने इसके लिए ज़ी इंटरटेनमेंट की इकाई मार्गो नेटवर्क के साथ 10 साल का समझौता किया है जो इस परियोजना में डिजिटल मनोरंजन सेवा प्रदाता होगा। देश में चलने वाली 8,731 ट्रेनों में से 5,728 में यह परियोजना लागू की जानी है। इनमें 3,003 प्रीमियम/मेल/एक्सप्रेस ट्रेनें और 2864 उपनगरीय ट्रेनें हैं।

# नहाने के दौरान भूल से यूज न करें लूफा, स्किन और सेहत को होता है नुकसान

अगर आप भी फाइबर और प्लास्टिक से तैयार होने वाले सॉफ्ट-सॉफ्ट लूफा के बिना आपका नहाने का एक्सपीरियंस अधूरा रह जाता है तो आज ही से अपनी इस आदत को बदल दें। ऐसा हम इसलिए कह रहे हैं क्योंकि डर्मेटॉलजिस्ट्स की मानें तो नहाने के दौरान झाग बनाने के लिए यूज होने वाला लूफा आपकी स्किन और सेहत को फायदा पहुंचाने की बजाए नुकसान पहुंचाता है। कैसे, यहां जानें लूफा के बारे में क्या है स्किन स्पेशिलस्ट्स और डर्मेटॉलजिस्ट्स की राय...

गीले लूफा में पनपते हैं बैक्टीरिया

आमतौर पर हम लूफा का इस्तेमाल इसलिए करते हैं क्योंकि यह शरीर पर जमा गंदगी और डेड स्किन सेल्स को रगड़ कर हटाने में मदद करता है। शरीर से निकलने वाले ये डेड सेल्स लूफा में जमा हो जाते हैं और अगर लूफा पूरी तरह से सूख न पाए तो ये ऑर्गेनिज्म लूफा में जमा होते जाते हैं और समय के साथ लूफा के अंदर ही पनपने लगते हैं। ऐसे में जिस बैक्टीरिया को आपने पिछली बार शरीर से साफ करके हटाया था वो और उसी तरह के और भी ज्यादा बैक्टीरिया फिर से शरीर पर वापस चिपक जाते हैं।

# वनडे क्रिकेटर ऑफ द इयर बने रोहित शर्मा, कोहली और दीपक चाहर को भी बड़ा अवॉर्ड

**नई दिल्ली।** इंटरनैशनल क्रिकेट कांउसिल ने बुधवार को आईसीसी अवॉर्ड का ऐलान किया है। इसमें कोहली, रोहित सहित कई भारतीय क्रिकेटरों को अहम अवॉर्ड मिला। भारतीय टीम के उपकप्तान रोहित शर्मा को 2019 में जोरदार प्रदर्शन के लिए वनडे क्रिकेटर ऑफ द इयर चुना है, जबकि टेस्ट में यह अवॉर्ड पैट कमिंस के नाम गया है। बता दें कि रोहित शर्मा ने इंग्लैंड में खेले गए वनडे वर्ल्ड कप में रेकॉर्ड 5 सेंचुरी की बदौलत 9 मैचों में 648 रन बनाए थे, जबकि पूरे साल की बात करें तो उनके नाम 28 मैचों में 1490 रन थे।



भारतीय कप्तान विराट को खेल भावना दिखाने के लिए स्पिरिट ऑफ द इयर अवॉर्ड दिया गया। यह अवॉर्ड उन्हें वर्ल्ड कप के एक मैच में स्मिथ के लिए तालियां बजवाने के लिए दिया गया है। दरअसल, मैच में कप्तान कोहली बल्लेबाजी कर रहे थे। उस वक्त स्मिथ बाउंड्री के पास फील्डिंग कर कर रहे थे। वहां मौजूद दर्शकों ने स्मिथ को चिढ़ाना शुरू कर दिया।

## आज का राशिफल

मेषः आमतौर पर मंगलवार का दिन आप अध्ययन मनन और धार्मिक प्रवचन सुनने में बिताना चाहते हैं लेकिन काफी समय इस कार्यक्रम में ब्रेक लग रहा है।

वृषभः आमतौर पर मंगलवार का दिन आपके लिए आराम का नहीं होता है।

मिथुनः आज का दिन आपके लिए एक नहीं बल्कि अनेक प्रकार के कार्यों को निपटान का हो सकता है लेकिन आमतौर पर आपकी नींद ही पूरी नहीं हो पाती है।

कर्कः मंगलवार का दिन हो और आपके पास कोई काम न हो ऐसा नहीं हो सकता है। अपने कागजातों को पूरा रखें।

सिंहः हो सकता है आज आपको अपने वाहन के मेंटिनेन्स का जिम्मा उठाना पड़े। वैसे तो यह छुट्टी को पहले ही बुक कर लेता है।

कन्याः हमेशा ही मंगलवार का दिन आपके लिए ज्यादा मशरूफियत का होता है।

तुलाः मंगलवार के दिन जहां आप ड्यूटी की टेंशन से मुक्त रहते हैं वहां अपने निजी अफेयर आड़े आते हैं।

वृश्चिकः आज के दिन आपकी चिंताएं और बढ़ जाती है। बहुत बिंदास अंदाज में आज आपको सजना संवरना होता लेकिन तत्काल ही कोई फोनकॉल आपके प्रोग्राम को बदल सकता है।

धनुः आज के दिन घर के रखरखाव का सारा भार आपके कंधों पर आ सकता है।

मकरः आप व्यावसायिक अवसर का पूरा लाभ उठाना तो जानते हैं।

कुंभः यदि आप किसी हल्के फुल्के रोजगार से संबंध हैं तो फिर आज की छुट्टी आपके लिए अपने करियर में नए कान्टैक्ट बढ़ाने के लिए उपयोगी है।

मीनः आज मंगलवार को घर पर बैठना आपके लिए बोरियत का सबब हो जाता है तो आप हफ्ते भर की थकान को नींद के जरिए मिटाते हैं।

# कपहली बार एकसाथ फिल्म में नजर आएंगे रितिक रोशन और अक्षय कुमार?

**रितिक रोशन और अक्षय कुमार इन दिनों फिल्ममेकर्स की टॉप लिस्ट में बने हुए हैं। जहां 2019 में रितिक ने वॉर के जरिए साल की सबसे बड़ी हिट दी, वहीं अक्षय ने भी कई ब्लॉकबस्टर फिल्में दीं।**

अक्षय के पास 2020 में भी कई इंट्रेस्टिंग प्रॉजेक्ट्स हैं। अब एक लेटेस्ट रिपोर्ट की मानें तो रितिक और अक्षय पहली बार किसी फिल्म में साथ नजर आ सकते हैं। कहा जा रहा है कि दोनों ऐक्टर्स को एक पौराणिक ड्रामा में अहम किरदारों को निभाने के लिए अप्रोच किया गया है। यह फिल्म बड़े स्केल की बताई जा रही है।



रिपोर्ट की मानें तो राणा दग्गुबाती को भी फिल्म में हिरण्य कश्यप का रोल निभाने के लिए अप्रोच किया गया है। फिल्म से जुड़ी बाकी डीटेल्स की जानकारी आनी बाकी है। वर्क फ्रंट की बात करें तो रितिक अब सत्ते पे सत्ता के रीमेक में नजर आ सकते हैं जिसका निर्देशन फराह खान कर रही हैं।

हालांकि, ऐक्टर की तरफ से इस बारे में कोई कन्फर्मेशन नहीं आया है। बात करें अक्षय की तो वह लक्ष्मी बम, बेल बॉटम, सूर्यवंशी और बच्चन पांडे जैसी फिल्मों में नजर आएंगे। फैंस अक्षय की इन फिल्मों का लंबे वक्त से बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

# जॉन अब्राहम ने अरशद वारसी को गिफ्ट की महंगी सुपरबाइक

सभी को पता है कि जॉन अब्राहम को अपने बाइक्स कलेक्शन से कितना प्यार है। उनके पास अलग-अलग ब्रैंड्स की कई सुपर बाइक्स हैं जिस पर अक्सर वह राइडिंग करते नजर आते हैं। अब अपने इसे शौक को वह अरशद वारसी से शेयर करते हैं जिनके पास भी कुछ टॉप क्लास बाइक्स हैं। हाल में अरशद को तब सरप्राइज मिला जब न्यू इयर पर जॉन ने उन्हें एक हाई-एंड बाइक गिफ्ट की।



अरशद ने यह बात बताई है। पिछली बार पागलपंती में साथ दिखे जॉन और अरशद साथ में बैठकर घंटों अपनी बाइक्स पर चर्चा करते रहते हैं। जब जॉन को एक नई बाइक दिखी तो उन्होंने तुरंत अरशद को उसकी तस्वीर भेजी। इसके जवाब में अरशद ने जॉन से पूछा कि वह अपने बाइक कलेक्शन में एक और बाइक ला रहे हैं तो उन्होंने कहा कि वह अरशद के लिए यह बाइक खरीदना चाहते हैं। हालांकि अरशद ने जॉन से इतना महंगा गिफ्ट लेने से इनकार कर दिया। अरशद ने बताया कि जॉन अब्राहम अपने ऊपर बहुत ज्यादा खर्च नहीं करते हैं लेकिन अपने दोस्तों को काफी महंगे गिफ्ट्स देते रहते हैं।

# घर में ऐसे बनाएं टेस्टी तिल के गजक



**सामग्री :-**

गुड़- 2 कप,
तिल- 1/2 कप,
ओट्स- 2 चम्मच,
रिफाइंड ऑयल- 1 चम्मच,
हरी इलायची- 1 चम्मच(कूटी हुई),
जावित्री पाउडर- 1/2 चम्मच,
मूंगफली-1कप(भूनी और कूटीहुई),
व्हीट फ्लेक्स- 1/2 कप

**विधि :-**


**नॉन स्टिक पैन में बारी-बारी से तिल और ओट्स को गोल्डन ब्राउन होने तक भून लें। ठंडा होने के लिए अलग रख दें।अब एक सपाट प्लेट को रिफाइंड ऑयल से ग्रीस कर लें।**

एक पैन में 3 कप पानी गरम करें और इसमें गुड़ और तेल डालकर इसे अच्छे से पिघला लें।अब एक बाउल में गुड़ा वाला सीरप, ओट्स, व्हीट फ्लेक्स और तिल को एक साथ डालकर अच्छे से मिक्स कर लें। अब इसे ग्रीस किए हुए प्लेट में फैला दें और ठंडा होने के लिए रख दें।ठंडा होने के बाद इन्हें मनचाहे आकार में काट लें।

## शब्द सामर्थ्य- 5

**बाएं से दाएं**
1. राजद प्रमुख 6. रखवाला, रक्षा करने वाला 7. दयालु, रहम करने वाला (उ.) 10. युग्म, जोड़ा, एक राशि, एक फिल्म अभिनेता 13. कैदखाना, जेल, हिरासत 15. जानकी, जनकनंदनी 17. व्यर्थ की बात, बकबक 18. नारी, स्त्री, महिला 21. विक्रय करना 22. वाणी, कथन, वादा 24. ताश में दस अंकों वाला पत्ता 25. नगर का, नागरिक, चतुर।

**ऊपर से नीचे**
1. बेफ्रिक, निश्चिंत, जिसे कोई परवाह न हो 2. मूर्ति 3. दोस्त, प्रेमी 4. कुशल, विशेषज्ञ 5. बगुला 8. झुका हुआ, झुकाया गया, नत 9. इधर-उधर, पास पड़ोस 11. किस्मत, तकदीर, भाग्य 14. बंदर, मर्कट, कपि 16. शक्तिशाली, बलवान 18. संतान, संतति 19. अस्तबल, घुड़साल 20. राजी करना, रूठे हुए को प्रसन्न करना 23. सरिता, नदिया, नद।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 04 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मा | म | ला | | सि | वा | य | | कि |
| लि | | चा | ह | त | | म | म | ता |
| क | सू | र | | म | ग | न | | ब |
| | र | | | | द | | | |
| क | मा | न | | पा | र | स | | स |
| मी | | म | जा | ल | | न | क | ली |
| ना | दा | न | | ना | र | द | | का |
| | मि | | | | तौं | | | |
| सु | नी | ल | | अ | धी | र | | जी |

## सू-दोकू-5

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.04 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |